मैं, वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री गनपत सिंह, निवासी– ग्राम वनोह, पोस्ट दुधावरी पठारी, जिला विदिशा (म.प्र.). मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश बीर सिंह पुत्र गनपत सिंह (Bir Singh S/o. Ganpat Singh) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है. मेरा सही नाम वीरेन्द्र (Veerendra Singh) पुत्र गनपत सिंह (Ganpat Singh) है, जो कि मेरे पहचान व पते का प्रमाण–पत्र में दर्ज है, जिसे मेरे आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूँ. बीर सिंह पुत्र गनपत सिंह (Bir Singh S/o. Ganpat Singh) एवं वीरेन्द्र (Veerendra Singh) पुत्र गनपत सिंह (Ganpat Singh) उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे ही हैं. अतः प्रकाशन उपरान्त मुझे वीरेन्द्र (Veerendra Singh) पुत्र गनपत सिंह (Ganpat Singh) के नाम से जाना–पहचाना व लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम
(बीर सिंह पुत्र गनपत सिंह)
(Bir Singh S/o. Ganpat Singh)

नया नाम
(वीरेन्द्र)
(Veerendra Singh)
पुत्र– गनपत सिंह
(Ganpat Singh).

(G-7071)

नाम परिवर्तन

मेरा नाम मातादीन (MATADIN) है. यही नाम मेरे आधार कार्ड आदि में दर्ज है, अब मैं, अपना नाम बदलकर मोहनदास (MOHANDAS) रख रहा हूँ. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते आदि समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मातादीन (MATADIN) के स्थान पर मोहनदास (MOHANDAS) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे मोहनदास (MOHANDAS) के नाम से जाना–पहचाना, लिखा–पढ़ा व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम
(मातादीन)
(MATADIN)

नया नाम
(मोहनदास)
(MOHANDAS)
पुत्र– देवदास
निवासी– उमरी कुंड, शनी पर्वत, ग्राम खीरावली,
जिला मुरैना (म.प्र.).

(G-7072)

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री का सही नाम अंशिका जादौन (ANSHIKA JADON) है, यही नाम उसके जन्म प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों आदि में दर्ज है. जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम अमिक्षा (AMSHIKA) दर्ज हो गया है. अंशिका जादौन (ANSHIKA JADON) और अमिक्षा (AMSHIKA) मेरी पुत्री के नाम हैं. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं उसके समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम अमिक्षा (AMSHIKA) के स्थान पर अंशिका जादौन (ANSHIKA JADON) दर्ज किया जावे.

आवेदन
(पुष्पेन्द्र सिंह जादौन)
पुत्र– राय सिंह
निवासी– 99, राजा का तोर, सबलगढ़,
जिला मुरैना (म.प्र.).

(G-7073)

नाम परिवर्तन

मैं, श्रीमती आरती मालवी पति श्री स्व. श्री भादू मालवी, मेरे पुत्र का नाम शासकीय दस्तावेजों आधार कार्ड में शुभम मालवी (अंग्रेजी में SHUBHAM MALVI) अंकित है, जो कि गलत है. मेरे पुत्र का नाम मोहित मालवी अंग्रेजी में MOHIT MALVI उसके शैक्षणिक दस्तावेजों स्कूल रिकार्ड में दर्ज है, जो कि सही है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे पुत्र का नाम हिंदी में मोहित मालवी अंग्रेजी अक्षरों में MOHIT MALVI के नाम से ही जाना–पहचाना व लिखा–पढ़ा एवं दर्ज किया जावे.

आवेदिका
(आरती मालवी).

(G-7074)

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम नेहा रानी (Neha Rani) था. जिसे नाम परिवर्तन कर वर्तमान में मुझे नेहा शर्मा (Neha Sharma) के नाम से जाना–पहचाना एवं शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों में भी दर्ज किया जावे.

प्रार्थिनी
(नेहा शर्मा)
(Neha Sharma)
निवासी– हाउस नं. 10, गली नं. 13,
विजय नगर, जिला इन्दौर (म.प्र.).

(G-7075)

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम डॉली जैन (Dolly Jain) था. जिसे परिवर्तन कर वर्तमान में मुझे कृति झांझरी (Kriti Jhanjari) के नाम से जाना–पहचाना एवं शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों में भी दर्ज किया जावे.

प्रार्थिनी
(कृति झांझरी)
(Kriti Jhanjari)
निवासी– 401, शेखर प्राइड, 62/1,
साउथ तुकोगंज, जिला इन्दौर (म.प्र.).

(G-7076)

नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व नाम कमला देवी गौंड़ था को परिवर्तित कर सही नाम कमला देवी (Kamla Devi) पत्नी श्री किशोर सिंह गौड़ हो गया है. इससे पूर्व मुझे कमला देवी गौड़ के नाम से जानी और पहचानी जाती थी. अब मेरा सही नाम कमला देवी (Kamla Devi) हो गया है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे समस्त दस्तावेजों में जहां पुराना नाम कमला देवी गौड़ लिखा है, उसके स्थान पर नया नाम कमला देवी (Kamla Devi) के नाम से जाना–पहचाना, लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम
(कमला देवी गौंड़)
(Kamla Devi Gound)

नया नाम
(कमला देवी)
(Kamla Devi).

(G-7077)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म का नाम "श्री धाम एसोसिएट्स फर्म" सागर जिसका रजिट्रेशन नंबर 06–09–01–0091–23, दिनांक 12–12–2023 एवं फर्म का पता–78, जगमोहन तिवारी मार्ग, 181 लक्ष्मीपुरा वार्ड, सागर (म.प्र.) में स्थित है जिसमें पूर्व में दिनांक 29–06–2020 को गठित डीड में पांच पक्षकार थे जिनके नाम पिता का नाम व लाभांश निम्नानुसार थेः–

1. श्री आनंद कुमार गुप्ता पिता श्री वीरेन्द्र कुमार गुप्ता 10%
2. श्री जन्मजय गुप्ता पिता श्री वीरेन्द्र गुप्ता 30%
3. श्री नीलेश कुमार जैन पिता श्री राजकुमार जैन 10%
4. श्रीमति प्रतिभा जैन पति श्री नीलेश कुमार 30%
5. श्री संदीप राय पिता श्री दयालदास राय 20%

यह कि दिनांक 06–11–2020 को उक्त भागीदारी डीड में संशोधन हुआ जिसमें भागीदार 1. श्री संदीप राय पिता श्री दयालदास राय, 2. श्री आनंद कुमार गुप्ता पिता श्री वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं 3. श्री जन्मजय गुप्ता पिता श्री वीरेन्द्र गुप्ता अपनी स्वेच्छा से पृथक् हो गये हैं तथा उनके स्थान पर 1. श्रीमती सीमा जैन पति श्री संजय कुमार सिंघई, 2. श्रीमती रागिनी दुबे पति श्री इन्द्रजीत दुबे एवं 3. श्री विकास जैन पिता श्री दिनेश कुमार जैन भागीदारी फर्म में सम्मिलित हो गये तथा उक्त संशोधन उपरांत सभी भगीदारों के लाभांश निम्नानुसार थेः–

1. श्री नीलेश कुमार जैन पिता श्री राजकुमार जैन 05%
2. श्रीमती प्रतिभा जैन पति श्री नीलेश कुमार 20%
3. श्रीमती सीमा जैन पति श्री संजय कुमार सिंघई 25%
4. श्रीमती रागिनी दुबे पति श्री इंन्द्रजीत दुबे 25%
5. श्री विकास जैन पिता श्री दिनेश कुमार जैन 25%

दिनांक 07–09–2023 को भागीदारी डीड में पुनः संशोधन हुआ जिसमें भागीदार 1. श्रीमती प्रतिभा जैन पति श्री नीलेश कुमार एवं 2. श्रीमती सीमा जैन पति श्री संजय कुमार सिंघई अपनी स्वेच्छा से पृथक् हो गई हैं तथा दिनांक 07–09–2023 को ही 1. श्रीमती पूर्णिमा जैन पति श्री ऋषभ जैन 2. श्री राजेश गोयल पिता श्री प्रदीप गोयल, 3. श्री संजय कुमार सिंघई पिता श्री रमेश चंद जैन, 4. श्री अभिदीप जैन पिता श्री संतोष कुमार जैन, 5. श्री हृदय जसवानी पिता श्री अनिल जसवानी, एवं 6. श्री प्रमोद कुमार जैन पिता श्री कोमल चंद जैन भागीदारी फर्म में सम्मिलित हो गये तथा उक्त संशोधन के उपरांत सभी भागीदारों के लाभांश निम्नानुसार थेः–

1. श्री विकास जैन पिता श्री दिनेश कुमार जैन 12.5%

2. श्रीमती रागिनी दुबे पति श्री इन्द्रजीत दुबे 12.5%

3. श्री नीलेश कुमार जैन पिता श्री राजकुमार जैन 14%

4. श्रीमती पूर्णिमा जैन पति श्री ऋषभ जैन 10%

5. श्री राजेश गोयल पिता श्री प्रदीप गोयल 10%

6. श्री संजय कुमार सिंघई पिता श्री रमेश चंद जैन 6%

7. श्री अभिदीप जैन पिता श्री संतोष कुमार जैन 10%

8. श्री हृदय जसवानी पिता श्री अनिल जसवानी 15%

9. श्री प्रमोद कुमार जैन पिता श्री कोमल चंद जैन 10%

यह कि दिनांक 24/08/2024 को भागीदारी डीड में पुनः संशोधन हुआ. जिसमें भागीदार 1. श्रीमती पूर्णिमा जैन पति श्री ऋषभ जैन एवं 2. श्री राजेश गोयल पिता श्री प्रदीप गोयल अपनी स्वेच्छा से पृथक् हो गये हैं तथा दिनांक 24–08–2024 को ही 1. श्री सौरभ सिंघई पिता श्री महेन्द्र कुमार जैन भागीदारी फर्म में सम्मिलित हो गये हैं तथा उक्त संशोधन के उपरांत सभी भागीदारों के लाभांश निम्नानुसार थे–

1. श्री विकास जैन पिता श्री दिनेश कुमार जैन 12.5%

2. श्रीमती रागिनी दुबे पति श्री इन्द्रजीत दुबे 12.5%

3. श्री सौरभ सिंघई पिता श्री महेन्द्र कुमार जैन 20%

4. श्री संजय कुमार सिंघई पिता श्री रमेश चंद जैन 6%

5. श्री नीलेश कुमार जैन पिता श्री राजकुमार जैन 14%

6. श्री अभिदीप जैन पिता श्री संतोष कुमार जैन 10%

7. श्री हृदय जसवानी पिता श्री अनिल जसवानी 15%

8. श्री प्रमोद कुमार जैन पिता श्री कोमल चंद जैन 10%

दिनांक 01–04–2025 को भागीदारी डीड में पुनः संशोधन हुआ. जिसमें 1. श्रीमती रागिनी दुबे पति श्री इन्द्रजीत दुबे, 2. श्री नीलेश कुमार जैन पिता श्री राजकुमार जैन, 3. श्री अभिदीप जैन पिता श्री संतोष कुमार जैन एवं 4. श्री हृदय जसवानी पिता श्री अनिल जसवानी अपनी स्वेच्छा से भागीदारी फर्म से पृथक् हो गये हैं एवं आज दिनांक 01–04–2025 को ही 1. श्री अभिनय दुबे पिता श्री इंद्रजीत दुबे, 2. श्री अमन यादव पिता श्री अनिल यादव, 3. श्रीमती रत्ना पटेल पति श्री उमाशंकर पटेल, 4. श्रीमती नीति जैन श्री सुदीप जैन एवं 5. श्री नवीन कुमार केशरवानी पिता श्री स्थ. श्री दशरथ केशरवानी भागीदारी फर्म में सम्मिलित हो गये हैं तथा उक्त संशोधन के उपरांत सभी भागीदारों के लाभांश निम्नानुसार हैंः–

1. श्री विकास जैन पिता श्री दिनेश कुमार जैन 17%
2. श्री अभिनय दुबे पिता श्री इंद्रजीत दुबे 17%
3. श्री सौरभ सिंघई पिता श्री महेन्द्र कुमार जैन 15%
4. श्री प्रमोद कुमार जैन पिता श्री कोमल चंद जैन 13.5%
5. श्री अमन यादव पिता श्री अनिल यादव 10%
6. श्रीमती रत्ना पटेल पति श्री उमाशंकर पटेल 6%
7. श्रीमती नीति जैन श्री सुदीप जैन 4.5%
8. श्री संजय कुमार सिंघई पिता श्री रमेश चंद जैन 4.5%
9. श्री नवीन कुमार केशरवानी पिता श्री स्व. श्री दशरथ केशरवानी 12.5%

उक्त विषय हेतु किसी भी व्यक्ति को भी कोई आपत्ति हो तो कृपया कर निम्नलिखित नंबर पर सूचित करें, आमजन तथा सर्वजन सूचित हो.

"श्री धाम एसोसिएट्स फर्म"– सागर
श्री विकास जैन
(भागीदार).

(G-7078)

उपनाम परिवर्तन

मैं, मनीष गेहलोत (Manish Gehlot) आत्मज श्री नारायण सिंह, निवासी–सी 123, नगर पंचायत रोड, महावीर कॉलोनी, पेटलावद, तहसील पेटलावद, जिला झाबुआ (म.प्र.). मेरा नाम मनीष गेहलोत (Manish Gehlot) है, जो कि मेरे शैक्षणिक/शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है. मैं, अपना नाम मनीष गेहलोत (Manish Gehlot) से बदलकर मनीष गरवाल (Manish Garwal) करना चाहता हूँ. मैं, अपने शासकीय रिकार्ड में तथा अन्य दस्तावेजों में भी अपना नाम मनीष गेहलोत (Manish Gehlot) के स्थान पर मनीष गरवाल (Manish Garwal) दर्ज करवाना चाहता हूँ. अतः प्रकाशन उपरान्त भविष्य में मुझे मेरे नये नाम/सरनेम मनीष गरवाल (Manish Garwal) के नाम से जाना–पहचाना व शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में भी दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(मनीष गेहलोत)	**(मनीष गरवाल)**
(Manish Gehlot)	(Manish Garwal).

(G-7079)

उपनाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम पूर्णिमा ढेंगरे पति श्री प्रशांत बौद्ध को बदलकर पूर्णिमा बौद्ध कर लिया है. इस संबंध मे समस्त दस्तावेज तैयार कर लिये हैं, एवं विभागीय अभिलेखों एवं अन्यत्र जहां–जहां आवश्यकता है, नाम परिवर्तन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं. अतः प्रकाशन उपरान्त मुझे पूर्णिमा ढेंगरे के स्थान पर पूर्णिमा बौद्ध के नाम से जाना–पहचाना एवं दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(पूर्णिमा ढेंगरे)	**(पूर्णिमा बौद्ध).**

(G-7080)

नाम परिवर्तन

मैं, प्राक्षी चौहान पुत्री श्री देवेन्द्र चौहान, निवासी–ग्राम गूगलवाडा, तहसील बाड़ी, जिला रासयेन (म.प्र.). मेरा सही नाम प्राक्षी चौहान (PRAKSHI CHOUHAN) है, मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम प्राची चौहान (PRACHI CHOUHAN) अंकित हो गया है. अतः प्रकाशन उपरांत मुझे प्राक्षी चौहान (PRAKSHI CHOUHAN) के नाम से जानी–पहचानी जाऊंगी एवं सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में भी दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(प्राची चौहान)	**(प्राक्षी चौहान)**
(PRACHI CHOUHAN)	(PRAKSHI CHOUHAN)

(G-7081)

नाम परिवर्तन

मैं, नेहा मर्सकोले पुत्री श्री गेंदालाल मर्सकोले, निवासी– 586, गादियापुरा, रायसेन रोड, आनंद नगर भोपाल (म.प्र.) मेरे समस्त शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों में नाम नेहा मर्सकोले पुत्र श्री गेंदालाल मर्सकोले दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम नेहा पंचेश्वर पुत्री श्री विक्की पंचेश्वर दर्ज है, जिसके संबंध में माननीय न्यायालय उन्नीसवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल में घोषणा संबंधी प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस/ए –323/2024 में डिक्री के माध्यम से माननीय न्यायालय ने घोषणा की है कि गेंदालाल मर्सकोले उर्फ विक्की पंचेश्वर एक ही व्यक्ति हैं और मैं, उनकी वैध वारिसान होकर पुत्री हूँ, मेरे दस्तावेजों एवं माननीय न्यायालय की डिक्री के आधार पर मेरा आधार कार्ड में नाम नेहा पंचेश्वर पुत्री श्री विक्की पंचेश्वर से परिवर्तित कर नेहा मर्सकोले पुत्री श्री गेंदालाल मर्सकोले दर्ज किया जावे. अतः प्रकाशन उपरांत आधार कार्ड में मेरा नाम नेहा मर्सकोले पुत्री श्री गेंदालाल मर्सकोले दर्ज के नाम से जाना–पहचाना एवं दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(नेहा पंचेश्वर)	**(नेहा मर्सकोले)**
पुत्री– श्री विक्की पंचेश्वर	पुत्री– श्री गेंदालाल मर्सकोले.

(G-7082)

नाम परिवर्तन

मैं, ब्रजमोहन कुशवाह (Braj Mohan Kushwah), निवासी– भोपाल (म.प्र.). मेरी पुत्री का नाम रचना कुशवाह (Rachna Kushwah) है. कुछ अभिलेखों/दस्तावेजों जैसे– आधार कार्ड आदि में मेरी पुत्री का नाम गलती से संजना कुशवाह (Sanjana Kushwah) पिता ब्रजमोहन कुशवाह अंकित है. मेरी पुत्री का सही नाम रचना कुशवाह (Rachna Kushwah) पिता ब्रजमोहन कुशवाह (Braj Mohan Kushwah) हैं. अतः प्रकाशन उपरांत भविष्य में सभी अभिलेखों, शासकीय दस्तावेजों, अंकसूचियों तथा लेन–देन में उसका नाम इसी प्रकार से लिखा और जाना–पहचाना जावे.

आवेदक

(ब्रजमोहन कुशवाह).

(G-7083)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स गणपति स्टोनस जिसका पंजीयन क्रमांक 02–42–02–0070–18, दिनांक 25.06.2018, पता– ग्राम लखनपुरा, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश के नाम से रजिस्टर्ड है. जिसमें भागीदार क्रमांक (1) श्रीमती मुन्नी बाई कुशवाह पत्नी श्री अलबेल सिंह कुशवाह, (2) शैलेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री बाबू सिंह यादव सम्मिलित थे जिसमें दिनांक 03 फरवरी 2025 को (1) मुकेश सिंह परिहार पुत्र श्री विनायक सिंह परिहार, उम्र 46 वर्ष, निवासी– रानीपुरा, चार शहर का नाका, ग्वालियर, (2) रामकुमार सिकरवार पुत्र श्री दरबारं सिंह सिकरवार, उम्र 58 वर्ष, निवासी– मैदाई मौहल्ला, किलागेट, ग्वालियर (3) अशोक सिंह तोमर पुत्र श्री अरुण सिंह तोमर, उम्र 48 वर्ष, निवासी– पटेल पेट्रोल पंप के पास. न्यू शंकरपुरी कालोनी, गोले का मन्दिर, ग्वालियर (म.प्र.) फर्म में नवीन भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं. उसी दिनांक 03 फरवरी 2025 को (1) श्रीमती मुन्नी बाई कुशवाह पत्नी श्री अलबेल सिंह कुशवाह, (2) शैलेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री बाबू सिंह यादव फर्म से अपनी स्वेच्छा से पृथक् हो गये हैं.

मेसर्स गणपति स्टोनस

1. **अशोक सिंह तोमर**
2. **रामकुमार सिकरवार**
3. **शैलेन्द्र सिंह यादव**

(भागीदार).

(G-7084)

नाम परिवर्तन

मैं, बाबु सिंह यादव (Babu Singh yadav), निवासी– 1, बालाजीनगर कॉलोनी, मुंगावली, अशोकनगर, जिला अशोकनगर (म.प्र.). मेरे रेल्वे सेवा रिकार्ड मे मेरा नाम कहीं बाबु सिंह एवं कहीं पर बाबू सिंह (Babu Singh and Baboo singh) लिखा है, जबकि मेरा सही नाम बाबु सिंह यादव (Babu Singh yadav) पुत्र गुलाब सिंह यादव (Gulab Singh Yadav) है और इसी नाम से मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं मेरा आधार कार्ड इत्यादि जारी है. मैं, अपना नाम बाबू सिंह (Baboo Singh) के स्थान पर बाबु सिंह यादव (Babu Singh yadav) कराना चाहता हूँ. अतः प्रकाशन उपरान्त जहाँ–कही भी बाबू सिंह (Baboo Singh) हैं. उसके स्थान पर बाबु सिंह यादव (Babu Singh yadav) पुत्र गुलाब सिंह यादव (Gulab Singh Yadav) लिखा–पढ़ा एवं दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
(बाबू सिंह)	**(बाबुसिंह यादव)**
(Baboo Singh)	(Babu Singh yadav)
पिता– गुलाब सिंह	पिता– गुलाब सिंह यादव
(Gulab Singh)	(Gulab Singh Yadav).

(G-7085)

नाम परिवर्तन

मैं, मानवेन्द्र कुमार गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता, निवासी– सिंधी कैंप, पुरुस्वानी मोहल्ला मात्रछाया के पास सतना, तहसील रघुराजनगर, जिला सतना (म.प्र.). मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश पुत्र का नाम राजाराम कोल दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण–पत्र व अन्य दस्तावेजों में सही नाम हर्षित गुप्ता दर्ज है. अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे पुत्र के आधार कार्ड में राजाराम कोल के स्थान पर पुत्र का सही नाम हर्षित गुप्ता के नाम से जाना–पहचाना, पढ़ा–लिखा एवं दर्ज किया जावे.

आवेदक
(मानवेन्द्र कुमार गुप्ता)
पिता– श्री मोतीलाल गुप्ता.

(G-7086)

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण–पत्र में नाम इरा एवं आधार कार्ड में एंजल आचार्य (Angel Acharya) दर्ज है, जो कि त्रुटिवश है. मेरी पुत्री का सही (नया) नाम काशवी आचार्या (KASHVI ACHARYA) पिता श्री आशीष आचार्या है, जो कि 9वीं कक्षा की अंकसूची में भी दर्ज है. अब मेरी पुत्री का नया नाम काशवी आचार्या (KASHVI ACHARYA) हो गया है. अतः प्रकाशन उपरान्त सभी शासकीय, अशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्री को काशवी आचार्या (KASHVI ACHARYA) के नाम जाना–पहचाना लिखा–पढ़ा, दर्ज किया जावे.

आवेदक
(आशीष आचार्या)
निवासी– म.नं. फ्लैट नं. 505, ब्लॉक नं. एच–1,
भूमि गोल्डन हाईट्स, सलैया, भोपाल (म.प्र.).

(G-7087)

नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व नाम शन्नो बी पिता रशीद एहमद है, जो कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों मे दर्ज है. अतः प्रकाशन उपरान्त मुझे सनोवर बी पति अब्दुल वाहिद (SANOWAR BEE W/o. ABDUL VAHID) के नाम से जाना–पहचाना एवं मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में यही नाम दर्ज किया जावे.

पुराना नाम
(शन्नो बी)
पिता– रशीद एहमद

नया नाम
(सनोवर बी)
पति– अब्दुल वाहिद.
(SANOWAR BEE)
(W/o. ABDUL VAHID)
पता– 14, कबूतरखाना, इमामबाड़ा के पास,
जिला इन्दौर (म.प्र.).

(G-7088)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट, पाटन, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश

पाटन, दिनांक 15 अक्टूबर 2025

(मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 5 के तहत्)

प्र.क्र.–234–अ.वि.अ.–रीडर–लोक न्यास.– चूंकि, श्री अभिषेक कुमार जैन पिता श्री निर्मलचंद जैन, निवासी– ग्राम मेंढी, तहसील पाटन, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, ग्राम मेंढ़ी, तहसील पाटन, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई संपत्ति के पंजीयन के लिये आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया गया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन–पत्र मेरे न्यायालय में 17 नवम्बर 2025 को विचार के लिये लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्तियां या सुझाव देने का विचार रखता हो तो उसे इस सूचना, लोक न्यास है और उसका गठन करता है.

अतः, मैं, मानवेन्द्र सिंह राजपूत, रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट, पाटन, तहसील पाटन, जिला जबलपुर अपने न्यायालय में दिनांक 17 नवम्बर 2025 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (3) के द्वारा यथा जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः, एतदद्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या संपत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर अर्थात् नियत दिनांक 17 नवम्बर 2025 को दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना होगा और न्यायालय में मेरे समक्ष उपस्थित होना चाहिये उपरोक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियां या सुझाव को विचार के लिये ग्रहण नहीं किया जायेगाः–

अनुसूची

लोक न्यास का नाम	–	श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, ग्राम मेंढी, तहसील पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.).
(अ) चल संपत्ति	–	1,00,000/– (एक लाख रुपये)
(ब) अचल संपत्ति	–	ग्राम मेढ़ी, प.ह.नं.–53, तहसील पाटन, जिला जबलपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 65, रकबा 0.15 हे. में से 2187 वर्गफुट श्री निर्मलचंद जैन, निवासी–ग्राम मेढ़ी तह.पाटन द्वारा रजिस्टर्ड दानपत्र के माध्यम से दान की गई है तथा 35X75 वर्गफुट अर्थात् 2625 वर्गफुट में धर्मशाला का निर्माण होगा तथा खसरा नंबर 195, रकबा 0.51 हे.भूमि.

मानवेन्द्र सिंह राजपूत, रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट.

(G-7089)

न्यायालय, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, नागदा, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश

नागदा, दिनांक 1 सितम्बर 2025

प्रारुप क्रमांक – 4

[देखें नियम 5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम 5(1) के द्वारा]

प्र.क्र.–931–बी–113–25–26.– यह कि श्री सुनील सिंह यादव पिता तूफानसिंह, निवासी– नागदा, मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अंतर्गत एक आवेदन अनुसूची में दिनिर्दिष्ट संपत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीयत्त किये जाने के लिये आवेदन किया है. एतद्वारा सूचनापत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनांक 30 अक्टूबर 25 को प्रातः 11:00 बजे मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या संपत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना–पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः या प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगाः–

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

1. लोक न्यास का नाम	–	श्री भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट
2. लोक न्यास का कार्यालय	–	प्रकाश नगर, नागदा
3. लोक न्यास की चल सम्पत्ति	–	एच डी एफ सी बैंक शाखा नागदा के बचत खाता क्र. 50200061954590 में 72,661/– रु.
4. लोक न्यास की अचल सम्पत्ति–		वर्तमान में नहीं है.

(G-7090) **बृजेश सक्सेना,** पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), आलीराजपुर, जिला आलीराजपुर, मध्यप्रदेश

आलीराजपुर, दिनांक 8 अक्टूबर 2025

(फार्म– चार)

मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 तीसः (95) की धारा 5(2) व मध्य प्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम 5(1) के अन्तर्गत आवेदक ट्रस्ट ''क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ धाम'' आलीराजपुर, कार्यालय पता–श्री बहादुरसिंह रावत पिता सुरसिंह रावत, रावत सदन हॉण्डा शो रूम के पीछे, नवोदय रोड़, आलीराजपुर, जिला आलीराजपुर तर्फे अध्यक्ष श्री बहादुरसिंह रावत पिता सुरसिंह रावत, पता–बाजार फलिया, ग्राम मुकाम पोस्ट बखतगढ़, जिला आलीराजपुर के द्वारा पंजीयन हेतु फार्म तीन नियम 4 (2) के तहत निर्धारित प्रारुप में आवेदन–पत्र, ट्रस्ट डीड की प्रति एवं निर्धारित चालान शुल्क रुपये 100/– का चालान क्रमांक 051/017322, दिनांक 08 अक्टूबर 2025 प्रस्तुत किया गया है. न्यास की चल सम्पत्ति में 7,000/– (अक्षरी रुपये सात हजार मात्र) है, जिससे न्यास शुरू किया जा रहा है तथा अचल सम्पत्ति निरंक है.

अतः, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी संपत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के संबंध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक

से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्तयार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं. निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगाः–

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल–चल संपत्ति का विवरण)

1.	ट्रस्ट का नाम	–	''क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ धाम'' आलीराजपुर,
2.	पता	–	कार्यालय ''क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ धाम'' आलीराजपुर, कार्यालय पत्ता–श्री बहादुरसिंह रावत पिता सुरसिंह रावत, रावत सदन हॉण्डा शो रूम के पीछे, नवोदय रोड, आलीराजपुर, जिला आलीराजपुर (म.प्र).
3.	चल सम्पत्ति	–	7,000/– (अक्षरी रुपये सात हजार रुपये) जिससे न्यास शुरू किया जा रहा है.
4.	अचल सम्पत्ति	–	अचल सम्पत्ति निरंक है.

आज दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से प्रसारित किया गया.

(G-7091) **तपीश पाण्डेय,** पंजीयक.

कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं लोक न्यास, अनुभाग दतिया, मध्यप्रदेश

दतिया, दिनांक 3 नवम्बर 2025

प्र.क्र.–04–बी–113–2024–25.– जरिये उद्घोषणा द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप कुमार सावला पुत्र सीताराम सावला, निवासी–खजांची मोहल्ला, दतिया मंत्री द्वारा लोक न्यास पंजीयन 1951 की धारा 4 के तहत् ''श्री टुन्डेश्वर महादेव मंदिर न्यास मंडल'' के गठन किये जाने के संबंध में आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

1. न्यास का पूरा नाम – श्री टुन्डेश्वर महादेव मंदिर न्यास मंडल
2. न्यास का कार्यालय का स्थायी पता – श्री परशुराम हनुमान मंदिर के पास, दतिया, मध्यप्रदेश

लोक न्यास का उद्गम प्रकृति और उद्देश्य.– श्री टुन्डेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि एवं सावन के महीने में सोमवार को विशेष पूजन, अभिषेक, विशेष उत्सव के रूप में आयोजित करना, प्रतिदिन की पूजा आदि का ध्यान रखना, पूजा करने के लिए जरूरत पड़ने पर पुजारी नियुक्त करना, मंदिर की समय–समय पर चिट मरम्मत एवं पुताई का ध्यान रखना आदि.

3. न्यास की चल/अचल सम्पत्ति का विवरण रुपये 10,000/– प्रारंभिक निधि के रूप में.
4. न्यास की आय का स्त्रोत दान से प्राप्त राशि व सदस्यता शुल्क से प्राप्त आय.

उक्त ट्रस्ट के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर इस न्यायालय में प्रस्तुत करें. अवधि समाप्त के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा.

संतोष तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी.

(G-7092)

कार्यालय, पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी, सार्वजनिक न्यास, पथरिया, जिला दमोह, मध्यप्रदेश

पथरिया, दिनांक 13 नवम्बर 2025

प्रारुप क्रमांक – 4

[देखें नियम 5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम 5(1) के द्वारा]

क्र.–प्र.–पं.सार्व.न्यास–25–946.– यह कि श्री देवजानकीरमणजी मंदिर ग्राम लखरौनी, तहसील पथरिया, जिला दमोह (म.प्र.) को मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अन्तर्गत एक आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिये लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिये आवेदन–पत्र किया हैं, एतद्द्वारा सूचना–पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन–पत्र पर 04 दिसम्बर 2025 को विचार कर सुनवाई में लिया जावेगा.

किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव हो तो न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध व्यक्ति सूचना–पत्र के प्रकाशन से नियत दिनांक 04 दिसम्बर 2025 तक दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकते हैं या मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरान्त प्राप्त आपत्ति को विचार में नहीं लिया जायेगाः–

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

न्यास का नाम, पता (1)	सम्पत्ति का विवरण (2)
1. श्री देवजानकीरमण जी मंदिर, ग्राम लखरौनी, तहसील पथरिया, जिला दमोह (म.प्र.).	1. मौजा–लखरौनी, तहसील पथरिया, जिला दमोह, मध्यप्रदेश में आबादी के प्लाट क्रमांक 281, रकबा 419 वर्गमीटर में स्थित मंदिर 2. आबादी में स्थित कच्चा कमरा एवं खाली भू–खण्ड 42x70 = 2940 वर्गमीटर, जिसके उत्तर में शरीफ खान का मकान, दक्षिण में देवजानकीरमणजी मंदिर की भूमि, पूर्व में दीपक यादव का मकान, पश्चिम में आम रास्ता 3. चल सम्पत्ति करीबन 50,000/– अंकन पचास हजार रुपये.

(G-7093) **निकेत चौरसिया,** अनुविभागीय अधिकारी.

अन्य सूचनाएं

कार्यालय, परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारिता, जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश

इन्दौर, दिनांक 27 अक्टूबर 2025

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के उपनियम 57(1)(सी/ग) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2025–क्यू.– कार्यालय, उप–आयुक्त, सहकारिता, जिला इन्दौर के संशोधित आदेश के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा 69(2) के अंतर्गत निम्न सहकारी समितियों को परिसमापन में लाई जाकर धारा 70(1) के अंतर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया हैः–

क्र.	समिति का नाम	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	संशोधित आदेश क्रमांक व दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	शक्तिपुंज महिला बहुउद्देशीय साख सह.संस्था मर्या., गुराड़िया, महू जिला इंदौर	2112 / 28–03–2002	2495 / 05–08–2025
2.	शक्तिपुंज महिला बहुउद्देशीय साख सह.संस्था मर्या., बिचोली हप्सी, जिला इंदौर	2069 / 27–03–2002	2496 / 05–08–2025
3.	शक्तिपुंज महिला बहुउद्देशीय साख सह.संस्था मर्या.,हरनियाखेड़ी, जिला इंदौर	2068 / 26–03–2002	2497 / 05–08–2025
4.	शक्तिपुंज महिला बहुउद्देशीय साख सहकारी संस्था मर्या., हरसोला, जिला इंदौर	2067 / 22–03–2002	2498 / 05–08–2025
5.	शक्तिपुंज महिला बहुउद्देशीय साख सह. संस्था मर्या., मिर्जापुर	2064 / 28–03–2002	2499 / 05–08–2025
6.	शक्तिपुंज महिला बहुउद्देशीय साख सह. संस्था मर्या., किशनगंज, जिला इंदौर	2051 / 10–02–2002	2500 / 05–08–2025
7.	पाटनीपुरा साख सहकारी संस्था मर्या., इंदौर	1747 / 29–11–1995	2492 / 05–08–2025
8.	लक्की स्टार साख सहकारी संस्था मर्या., इंदौर	1701 / 02–02–1995	2493 / 05–08–2025
9.	न्यू अरिहंत गृह निर्माण सह.संस्था मर्या., इंदौर	583 / 09–02–1996	2501 / 05–08–2025
10.	प्रिंयका गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., इंदौर	787 / 04–01–2002	2494 / 05–08–2025
11.	सर्वोत्तम फर्नीचर निर्माण सहकारी संस्था मर्या., इंदौर.	108 / 05–09–2013	3287 / 13–10–2025
12.	खालसा महिला साख सहकारी संस्था मर्या., इंदौर.	2023 / 21–10–2001	3288 / 13–10–2025
13.	इंदौर नागरिक साख सहकारी संस्था मर्या., इंदौर.	325 / 01–06–1951	3289 / 13–10–2025
14.	लोक सेवा साख सहकारी संस्था मर्या., इंदौर	585 / 13–05–81	3290 / 13–10–2025
15.	उषागंज गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., इंदौर.	445 / 07–06–1957	3291 / 13–10–2025
16.	टिचर्स गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. इंदौर	324 / 31–01–1957	3292 / 13–10–2025
17.	अलवारिस साख सहकारी संस्था मर्या., इंदौर	1891 / 01–06–1998	3293 / 13–10–2025

अतः, मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1960 के उपनियम 57(1)(सी / ग) के अंतर्गत उक्त सहकारी समितियों के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे समिति के विरुद्ध अपने समस्त दावों की इस सूचना–पत्र के प्रकाशन के दो माह के अंदर मय–प्रमाण के मुझे लिखित रूप में प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में सदस्यगण / साहूकारगण किसी भी लाभ

के बंटवारे से वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे. यदि दो माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नहीं किया जावेगा, तदानुसार समिति की लेखा–पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयंमेव मुझे विधिवत् प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे तथा समिति के समस्त लेनदारी / देनदारी / आस्तियों का अंतिम रूप से निराकरण मेरे द्वारा कर दिया जावेगा.

यह सूचना–पत्र आज दिनांक 27 अक्टूबर 2025 मेरे द्वारा जारी किया गया है.

भूदीप कुमार सक्सेना, सहकारी निरीक्षक एवं परिसमापक.

(G-7094)

कार्यालय, परिसमापक एवं वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला मंडला, मध्यप्रदेश

मण्डला, दिनांक 24 अक्टूबर 2025

क्र.–2025–क्यू.– मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं नियम 1962 के नियम 57 (सी) के अंतर्गत्त सर्वसाधारण को जानकारी के लिए यह विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि सहायक पंजीयक, सहकारी समितियां मडला के आदेशानुसार निम्न सहकारी समितियां जिनके पंजीयन क्रमांक व आदेश क्रमांक दर्शाया गया है. जो मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा–69 के अंतर्गत परिसमापन में लाई गई तथा धारा–70 (1) के तहत् मुझे उनका परिसमापक नियुक्त किया गया है:–

क्र.	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक / दिनांक	परिसमापक आदेश क्रमांक / दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	अधिवक्ता गृहनिर्माण सहकारी समिति मर्यादित, मण्डला.	425 / 14–11–1983	1046 / 17–10–2025
2.	गायत्री गृहनिर्माण सहकारी समिति मर्यादित, मण्डला.	703 / 31–01–1997	1046 / 17–10–2025
3.	राजस्व अधिकारी कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित, मण्डला.	768 / 31–09–2002	1046 / 17–10–2025
4.	सुविधा यातायात सहकारी समिति मर्यादित, मण्डला.	673 / 11–11–1994	1046 / 17–10–2025
5.	अनाज क्रय–विक्रय सहकारी समिति मर्यादित, मण्डला.	789 / 18–05–2007	1046 / 17–10–2025
6.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित, बिसौरा.	826 / 28–9–2010	1046 / 17–10–2025

अतः मैं, श्रीमती संध्या जाधव, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं परिसमापक कार्यालय, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ मंडला मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57 (सी) के अनुसार सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित करती हूँ कि उक्त सहकारी संस्थाओं के विरुद्ध जो भी लेना–देना निकल रहा है वे इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 2 माह के भीतर अपने दावे एवं स्वत्व प्रमाण सहित मुझे कार्यालय, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मंडला में प्रस्तुत करें. उक्त

अवधि में प्राप्त होने वाले दावे या स्वत्व के संबंध में बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी. चार्ज में प्राप्त जो भी रिकार्ड है उनके अनुसार ही कार्यवाही की जाकर संस्थाओं के पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को भेज दिया जावेगा.

यह भी प्रकाशित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति के पास उपरोक्त समितियों के सदस्य या भूतपूर्व अधिकारियों के पास समिति के संबंध में कोई लेखा पुस्तकें रिकार्ड एवं अन्य सामान हो तो इस सूचना प्रकाशन होने के दिनांक 15 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में जमा कर दें अन्यथा निश्चित अवधि व्यतीत हो जाने पर यदि किसी व्यक्ति के पास समितियों की उपरोक्त चार्ज या रिकार्ड होने की जानकारी मिली या सिद्ध हुआं तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी.

यह सूचना–पत्र आज दिनांक 28 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

संध्या जाधव, वरि.सह.निरीक्षक एवं परिसमापक.

(G-7095)

कार्यालय, परिसमापक, सहकारी संस्थाएं, जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश

कार्यालय, श्रम शिविर, 123, देवी अहिल्या मार्ग, जेल रोड, इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 13 नवम्बर 2025

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज के नियम, 1962 के उपनियम 57(1)(सी/ग) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2025.– कार्यालय, उप–पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला इन्दौर के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम, 1960 की धारा 69(2) के अंतर्गत निम्न सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाई जाकर धारा 70(1) के अंतर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है:–

क्र. (1)	संस्था का नाम (2)	पंजीयन क्रमांक / दिनांक (3)	परिसमापन का संशोधित आदेश क्रमांक / दिनांक (4)
1.	संगम साख सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	1635/12–12–1982	क्र./परिसमापन/2025/ 3373 दि. 16–10–2025
2.	श्री कृष्ण सुदामा साख सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	1864/22–11–1997	क्र./परिसमापन/2025/ 3372 दि. 16–10–2025
3.	रोनक साख सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	2870/01–04–2017	क्र./परिसमापन/2025/ 2502 दि. 05–08–2025

अतः, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम, 1962 के नियम, क्रमांक 57(1)(सी/ग) के अंतर्गत के उक्त सहकारी संस्थाओं के समस्त दस्तावेजों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे समिति के विरुद्ध अपने समस्त दावों की इस सूचना–पत्र के प्रकाशन के दो माह के अंदर मय–प्रमाण के मुझे लिखित रूप में प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में सदस्यगण/साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित के दायित्वाधीन होंगे. यदि दो माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा मान्य नहीं किया जावेगा. तदानुसार समिति की लेखा–पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयंमेव मुझे विधिवत् प्रस्तुत समझे जावेंगे तथा समिति के समस्त लेनदारी/देनदारी/आस्तियों का अंतिम रूप से निराकरण मेरे द्वारा कर दिया जावेगा.

यह सूचना–पत्र आज दिनांक 13 नवम्बर 2025 मेरे द्वारा जारी किया गया है.

(G-7096)

के.एल.दवे, परिसमापक एवं वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक.

कार्यालय, परिसमापक एवं अंकेक्षण अधिकारी, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश

ग्वालियर, दिनांक 11 नवम्बर 2025

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57–सी के अंतर्गत]

क्र.–2025.– उप/सहायक पंजीयक, सहकारी समितियां, जिला ग्वालियर द्वारा निम्नलिखित सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 (1) के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया है:–

क्र. (1)	संस्था का नाम (2)	पंजीयन क्रमांक व दिनांक (3)	परिसमापन आदेश क्रमांक व दिनांक (4)
1.	श्रमिक सहयोग गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर.	71/23–02–1978	2368/7–11–2012
2.	एल.एन.सी.पी. गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर.	147/01–04–1989	2459/24–11–2012
3.	विमुक्त सैनिक संयुक्त कृषि सहकारी संस्था मर्यादित, दुबही.	180/18–11–2003	773/7–03–1986
4.	बजरंग संयुक्त कृषि सहकारी संस्था मर्यादित, दुबहा.	219/18–08–1965	779/7–03–1986
5.	पंजाबी संयुक्त कृषि सहकारी संस्था मर्यादित, दुबहा.	221/18–08–1965	777/7–03–1986
6.	आदिवासी संयुक्त कृषि सहकारी संस्था मर्यादित, नयागांव टांका	127/30–03–1963	774/07–03–1986
7.	आदिवासी संयुक्त कृषि सहकारी संस्था मर्यादित, दुबही.	200/26–03–1964	02/02–01–1988
8.	ए.पी.एस. गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	298/15–07–2001	718/23–05–2013
9.	सांई गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	352/29–08–2003	721/23–05–2013
10.	सांई भक्त गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	365/27–11–2003	723/23–05–2013
11.	श्री विमल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	361/17–10–2003	724/23–05–2013
12.	श्री बालाजी महिमा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर.	327/22–11–2003	1112/26–07–2013
13.	बालाजी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर.	159/08–08–1989	1863/21–11–2013
14.	ग्वालियर नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर.	65/07–06–1976	1860/21–11–2013

(1)	(2)	(3)	(4)
15.	भवन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	221 / 10–08–1972	1864 / 21–11–2013
16.	जयशिव आदिवासी मत्स्योद्यग सहकारी संस्था मर्यादित, ककेटो.	500 / 12–02–2016	2335 / 7–12–2018
17.	माधव मत्स्योद्यग सहकारी सस्था मर्यादित, हरसी	508 / 12–02–2016	842 / 31–05–2019
18.	जय माँ शीतला मत्स्योद्यग सहकारी संस्था मर्यादित, सिरसा घाटीगॉव.	1018 / 02–10–2013	2286 / 16–10–2020
19.	कल्याण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	581 / 26–09–2019	1902 / 17–10–2019
20.	सारास्वत साख सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	592 / 04–10–2016	1910 / 07–09–2020
21.	ग्वालियर बिजली कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर.	496 / 12–02–2016	1888 / 07–09–2020
22.	नागरिक साख सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	571 / 8–09–2016	1905 / 07–09–2020
23.	महात्मा गांधी साख सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	514 / 12–02–2016	1890 / 07–09–2020
24.	माँ पीताम्बरा निर्मित श्रम ठेका सहकारी संस्था मर्यादित, डबरा.	631 / 23–02–1992	720 / 25–03–2017
25.	उदवहन सिंचाई सहकारी संस्था मर्यादित, मेहदपुर	698 / 20–04–2017	1900 / 12–09–2018
26.	स्वास्थ्य कर्मचारी सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	511 / 12–02–2016	1875 / 07–09–2020
27.	कर्मचारी कल्याण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर	556 / 03–07–2016	1877 / 07–06–2020

सहकारी अधिनियम की धारा 71 (1) के अन्तर्गत परिसमापन दिनांक से संस्था की समस्त आस्तियां परिसमापक में वेष्ठित हो गई है. अतः मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57 (सी) के अन्तर्गत उक्त सहकारी संस्थाओं के विरुद्ध दावों को इस सूचना–पत्र के जारी करने के दिनांक से 60 दिवस के अन्दर मय–प्रमाण के यदि कोई हो तो लिखित रूप से मेरे कार्यालय उप / सहायक पंजीयक (अंकेक्षण) सहकारी संस्थाएं जिला ग्वालियर में कार्यालयीन में प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में साहूकारगण / दावेदारगण / सदस्यगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने से दायित्वाधीन होंगे, समयावधि उपरांत उनके कोई दावे एवं आपत्तियां मान्य नहीं होगा तथा संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध दायित्व स्वयमेव मुझे प्रस्तुत किये गये समझे जावें.

यदि उक्त संस्था के अभिलेख या आस्तियां डेड स्टाक संस्था का रिकार्ड किसी के पास हो तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरकर्ता को सौंपे, यदि बाद में ज्ञात होता है कि किसी के द्वारा जानबूझकर आस्तियों या अभिलेख एवं डेड स्टॉक नहीं सौपें गये हैं तो संबंधित के विरुद्ध उनको वसूलने हेतु विधिवत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित की होगी.

यदि उक्त संस्था के अभिलेख एवं आस्तियां समस्त प्रयासों के बावजूद प्राप्त नहीं होती है तो दावेदारों / साहूकारों / सदस्यों के दावे, आपत्तियों का निराकरण गत वर्षों के वित्तीय पत्रकों में दर्शाई गई लेनदारी एवं देनदारी की प्रविष्टियां बोगस / शून्यकाल मानकर तदानुसार पंजीयन निरस्ती हेतु.

अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर समक्ष अधिकारी के अनुमोदन से पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही की जावेगी.

यह सूचना–पत्र आज दिनांक 11 नवम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

(G-7097) **पी.के. गर्ग,** परिसमापक एवं अंकेक्षण अधिकारी.

कार्यालय, परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारी संस्थाएं, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश

सिवनी, दिनांक 25 मई 2024

[नियम 57(ग) के तहत् दावे एवं आपत्तियों की सूचना का प्रारूप]

क्र.–सह–परि–24–क्यू.– जिला सिवनी की निम्नलिखित सहकारी समितियां जिस उप–पंजीयक सहकारी समितियां जिला सिवनी के आदेश के अंतर्गत मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70(1) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता को परिसमापक नियुक्त किया गया है:–

क्र. (1)	समिति का नाम (2)	परिसमापक का नाम (3)	परिसमापक आदेश (4)
1.	अन्नपूर्णा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., अहरवाडा.	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
2.	बलराम बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बोथिया	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
3.	मां बैनगंगा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बिनेकी.	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
4.	कृश्णा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या.,खापा	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
5.	महाकौशल अन्नपूर्णा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., देहवानी	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
6.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., झितरी	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
7.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., उमदीवाडा	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
8.	नवोदित लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., थांवरी	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
9.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., चन्दनखेडा	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
10.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., बंदेली	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
11.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., सोनाखार	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
12.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., बागडोंगरी	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
13.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., बिछआ	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–

14.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., बुधवारा	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
15.	प्राथमिक लाख उत्पादन सहकारी समिति मर्या., टाला	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
16.	बैनगंगा भाक्तिपुंज सहकारी समिति मर्या., खापाबाजार	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
17.	महावीर व्यायाम शाला सहकारी समिति मर्या., केवलारी	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
18.	तिलहन उत्पा.सह.समिति, झगरा	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–
19.	आदिवासी बहु. सह. समिति सरेखाकलॉ	आर.एस.सरयाम, निरीक्षक	–

अतः, मैं, आर, एस, सरयाम, परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारी संस्थाएं, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियन (नियम), 1952 के नियम 57 (सी) के अंतर्गत उक्त सहकारी समितियां के समस्त सदस्यों/ दावेदारों एवं लेनदारों को एतद्द्वारा सूचित करता हूं कि उनकी जो लेनदारी एवं देनदारी शेष हो, दावे लिखित में एवं मय प्रमाण के इस सूचना के प्रकाशन से दो माह के भीतर मेरे समक्ष कार्यालय, उपायुक्त सहकारिता, सिवनी में कार्यालयीन दिवस में व मेरे प्रवास की स्थिति में कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता के माध्यम से प्रस्तुत किया जावे प्रकाशन की सूचना जारी दिनांक से 60 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी दावे मान्य नहीं होंगे तथा समिति का पंजीयन निरस्त करने बाबद अंतिम प्रतिवेदन उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सिवनी को प्रस्तुत कर दिया जावेगा.

यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सभी सहकारी संस्थाओं से संबंधित कोई भी प्रभार अभिलेख एवं जखीरा स्टॉक किसी व्यक्ति/सदस्य के पास हो तो वह भी मुझे कार्यालय, उपायुक्त, सहकारिता सिवनी में, कार्यालयीन दिवस व समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे उक्त अवधि के पश्चात उपरोक्त सहकारी समितियों का प्रभार अभिलेख, जखीर स्टॉक आदि, यदि किसी के पास होना पाया जाता है तो उसके विरुद्ध की जाने वाली कानूनी कार्यवाही के परिणामों हेतु वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा.

यह सूचना आज दिनांक 30 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

(G-7098) **आर.एस. सरयाम,** परिसमापक एवं सह.निरी.

कार्यालय, परिसमापक, सहकारी संस्थाएं, जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश

कार्यालय, श्रम शिविर, 123, देवी अहिल्या मार्ग, जेल रोड, इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 16 अक्टूबर 2025

संशोधित सूचना–पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज के नियम, 1962 के उपनियम 57(1)(सी/ग) के अंतर्गत]

क्र.–परि.–2025.– कार्यालय, उप–पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला इन्दौर के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम, 1960 की धारा 69(2) के अंतर्गत निम्न सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाई जाकर धारा 70(1) के अंतर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है:–

क्र. (1)	संस्था का नाम (2)	पंजीयन क्रमांक / दिनांक (3)	परिसमापन का संशोधित आदेश क्रमांक / दिनांक (4)
1.	ककड़ी, खरबुजा सामुहिक कृषि सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	डी.आर/आय.डी.आर /48 दि. 22–11–1975	क्र./निर्वा./2025/3280 दिनांक 13–10–2025
2.	आदर्श सामुहिक कृषि सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	डी.आर/आय.डी.आर /103 दि. 27–5–1957	क्र./निर्वा./2025/3281 दिनांक 13–10–2025
3.	बहुउद्देशीय खादी ग्रामोद्योग सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	डी.आर/आय.डी.आर /77 दि. 5–9–2013	क्र./निर्वा./2025/3282 दिनांक 13–10–2025
4.	जैविक किरण बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	डी.आर/आय.डी.आर /99 दि. 05–09–2013	क्र./निर्वा./2025/3283 दिनांक 13–10–2025
5.	विंध्याचल महिला उद्योग सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	डी.आर/आय.डी.आर /2149 दि. 14–05–2004	क्र./निर्वा./2025/3284 दिनांक 13–10–2025
6.	इन्दौर हस्ताशिल्प उद्योग सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	डी.आर/आय.डी.आर /28 दि. 22–7–1998	क्र./निर्वा./2025/3285 दिनांक 13–10–2025
7.	सुर्योदय स्वरोजगार औद्योगिक सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर	डी.आर/आय.डी.आर /125 दि. 5–9–2013	क्र./निर्वा./2025/3286 दिनांक 13–10–2025

अतः, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम, 1962 के नियम 57(1)(सी/ग) के अंतर्गत के उक्त सहकारी संस्थाओं के समस्त दस्तावेजों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे समिति के विरुद्ध अपने समस्त दावों की इस सूचना–पत्र के प्रकाशन के दो माह के अंदर मय–प्रमाण के मुझे लिखित रुप में प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में सदस्यगण/साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित के दायित्वाधीन होंगे. यदि दो माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा मान्य नहीं किया जावेगा. तदानुसार समिति की लेखा–पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयंमेव मुझे विधिवत् प्रस्तुत समझे जावेंगे तथा समिति के समस्त लेनदारी/देनदारी/अस्तियों का अंतिम रुप से निराकरण मेरे द्वारा कर दिया जावेगा.

यह सूचना–पत्र आज दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को मेरे द्वारा जारी किया गया है.

(G-7099) **अजय कुमार पाठक**, परिसमापक एवं वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित–2025.

इसे वेबसाइट **www.govtpress.mp.gov.in**
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 48] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 28 नवम्बर 2025—अग्रहायण 7, शक 1947

भाग 3 (2)

सांख्यिकी सूचनाऐं

(कुछ नहीं)

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2025.